<u>कोठारी इंटरनेशनल स्कूल,नौएडा</u>

<u>रिपोर्ट - हिंदी दिवस(2020-21)</u>

हमारे विद्यालय में हमारी हिंदी भाषा को समुचित स्थान देने के साथ-साथ इसके प्रचार-प्रसार ,विद्यार्थियों को जागरूक बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाते रहे हैं |

हिंदुस्तान की आन , बान और शान है हिंदी ,
हर हिंदुस्तानी की पहचान है हिंदी
एकता की अनुपम परंपरा है हिंदी ,
हर दिल का अरमान है हिंदी|

इस भाव को आत्मसात करते हुए हमारी मातृभाषा हिंदी को 14 सितंबर 1949 को राजभाषा के रूप में मान्यता देकर गौरवमयी पद पर आसीन किया गया था। इसी उपलक्ष्य मेंकक्षा छह 'ए' एवं छह 'सी' द्वारा दिनांक14.9.20 को विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया|इस का आरंभ माँ सरस्वती की वंदना से हुआ |विद्यालय के संगीत विभाग द्वारा भाषा और संस्कृति का सबसे बड़ा वाहक हमारा लोकसंगीत - लोकगीत और लोक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। हिंदी भाषा पर आधारित कविताओं और दोहों की अंताक्षरी ने तो प्रार्थना सभा में चार चाँद लगा दिए।

<u>**विभिन्न गतिविधियों में भाग लेते छात्र-छात्राएँ**</u>

<u>***उच्च विचार से कदम बढ़ाओ,अपनी सोच को पंख लगाओ|***</u>

कार्यक्रम के मध्य में अलग अलग छात्राओं ने हिंदी भाषा से संबंधित जानकारी भी प्रस्तुत की | कार्यक्रम के अंत में सभी ने हिंदी भाषा के समुचित प्रयोग का संकल्प भी लिया |बच्चों ने ' निज भाषा उन्नति अहे, सब उन्नति को मूल|' अर्थात अपनी भाषा से ही उन्नति संभव है। सभी लोगों से हिंदी भाषा को सम्मान देने, उसकी रक्षा करने तथा उसे व्यवहार में लाने की प्रार्थना की।
इस कार्यक्रम को ऑनलाइन फ़ेसबुक , यूट्यूब , इन्स्ट्राग्राम आदि पर प्रसारित किया गया | सभी दर्शकों ने कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की |